# RKSD College, Kaithal

## Seminar on Tally Education on Feb 16, 2018

On 16 February 2018, a seminar was organized by Department of Commerce on ‘Tally Education’ in collaboration with Tally Education Pvt. Ltd., Bangalore and Tally Education Pvt. Ltd., Kaithal Branch.

# RKSD College, Kaithal

वर्कशॉप | बेंगलुरु की टेली एजुकेशन संस्था के तत्वावधान में आयोजित हुआ सेमिनार

## सपनों को साकार करना सीखें विद्यार्थी

**जागरण संवाददाता, कैथल :** आरकेएसडी कॉलेज के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को टेली साफ्टवेयर की जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभाग एवं बेंगलुरु की टेली एजुकेशन संस्था के संयुक्त तत्वाधान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। पीजी कालेज के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के कैथल शाखा के निदेशक आशीष कौशिक ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर की जानकारी दी।

आरकेएसडी कॉलेज में टेली सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी देते संस्थान के विशेषज्ञ ● जागरण

### सॉफ्टवेयर के बताए फायदे

उन्होंने बताया कि यह सॉफ्टवेयर छोटी लघु व मध्यम संस्थाओं के प्रतिदिन मेंटेंन किए जाने वाले लेखाकार्य एवं एमआइएस कार्य के लिए उपयोगी है। संस्थान के ही हरियाणा संयोजक गुरुदत्त व अंबाला संयोजक पिंकी शर्मा ने सॉफ्टवेयर के विभिन्न फायदों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सॉफ्टवेयर जीएसटी की मौलिकताको समझने के साथ-साथ वैट, टीडीएस, सर्विस टैक्स, रिटर्न फाइल करना में मददगार होता है। एप्लीकेशन व्यापक स्तर पर व्यवसायों में शैक्षणिक क्षेत्र से उड्डयन क्षेत्र के अलावा टेली एजुकेशन के सर्टीफिकेट कोर्स विद्यार्थियों को सुक्षम, लघु व मध्यम स्तर के उद्यमी बनने के सपनों को साकार करने का रास्ता भी प्रशस्त करता है।

कामर्स विभागाध्यक्ष डॉ. अजय शर्मा सहित डॉ. रचना सरदाना, पूजा गुप्ता व विशाल आनंद ने अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दी गई जानकारी कामर्स के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में इनका मार्ग प्रशस्त अवश्य करेगी। इस मौके पर प्रो. ऋचा लाग्यान सहित शशी माटा, मीनाक्षी, अंकित आदि मौजूद रहे।

# RKSD College, Kaithal

## कॉमर्स के विद्यार्थियों ने सीखे टेली-एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के गुर

**कैथल** | आरकेएसडी कॉलेज के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को टेली-सॉफ्टवेयर की जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभाग एवं बंगलौर की टेली एजूकेशन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टेली एजूकेशन संस्था के कैथल शाखा के निदेशक आशीष कौशिक ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को टेली एप्लीकेशन साफ्टवेयर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सॉफ्टवेयर छोटी लघु व मध्यम संस्थाओं के प्रतिदिन मैनटेन किए जाने वाले लेखाकार्य एवं एमआईएस कार्य के लिए उपयोगी है।